# वीयू– जबलपुर वेटरनरी महाविद्यालय में अंतरकक्षीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन, महाविद्यालय, जबलपुर में नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलगुरू डॉ. मनदीप शर्मा के निर्देशन में 02 दिवसीय अंतर कक्षीय सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन 20–21 जनवरी–2025 में किया गया। जिसके अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, लोक नृत्य, महाकुंभ 2025 विषय पर मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन, मेनेजमेंट ऑफ स्ट्रे एनीमल्स का पोस्टर बनाया गया और इसके साथ ही छात्र–छात्राओं द्वारा नाटकों का मंचन, एकल अभिनय, गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया गया। साथ ही साथ साहित्यिक संबंधी क्विज प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता एवं तात्कालिक भाषण में भी छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। गायन प्रतियोगिता में सिमरन पटैल प्रथम जबकि देवांष भन्नारिया ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर नितिन मांझी एवं आकाश बोध रहे। एकल नृत्य प्रतियोगिता में मुस्कान सिंग प्रथम तथा शान रघुवंशी एवं आकांक्षा शुक्ला द्वितीय जबकि तृतीय स्थान पर रमनदीप एवं आशीष जैसवाल रहे। इसी तरह नाटकीय प्रमंचन में प्रथम वर्ष के छात्र प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर द्वितीय वर्ष के छात्र रहे। मंच का संचालन डॉ. शशि प्रधान, डॉ. अमिता दुबे एवं डॉ. पायल जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता, डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ. एस.के. जोशी, डॉ. सुनील नायक, डॉ. गिरधारी दास, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. अपरा साही, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. यामिनी वर्मा, डॉ. राकेश बरहैया, डॉ. एस.एम. त्रिपाठी, डॉ. वैशाली खरे, डॉ. रूचि सिंह एवं डॉ. भावना गुप्ता आदि उपस्थित रहे।





सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर